Report

A Visit to Old Age Home at Julana (Amar Jyoti)

Dated: 18/10/2025

स्वच्छता अभियान एवं वृद्धाश्रम भ्रमण का आयोजन: राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई, शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना दिनांक: 18 अक्टूबर 2025 शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. निशु गुप्ता और डॉ. एस.के. चमार के नेतृत्व में दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को स्वच्छता अभियान एवं वृद्धाश्रम भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कॉलेज परिसर में सफाई अभियान से हुआ। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और निष्ठा से कॉलेज की कक्षाओं, गलियारों, प्रांगण एवं उद्यान की सफाई की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने "स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत" का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान के पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने दोनों कार्यक्रम अधिकारियों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों श्रीमती मीना राणा (सहायक प्रोफेसर, गणित) एवं श्री मुकेश देसवाल (सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान) के साथ जुलाना स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। वहाँ स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों से आत्मीय बातचीत की, उनके जीवन के अनुभवों को सुना और उनके साथ समय बिताया। वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने बुजुर्गों को मिठाई भेंट कीं। विद्यार्थियों की इस सेवा भावना एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार से वृद्धाश्रम का वातावरण आनंदमय हो उठा।

प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं और उनमें सेवा, करुणा एवं मानवीय संवेदना के मूल्य विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि "स्वच्छता और सेवा दोनों ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ हैं।" कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता ने स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी शिक्षा है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील बने रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.के. चमार ने कहा कि वृद्धाश्रम भ्रमण से विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों और बुजुर्गों के अनुभवों का महत्त्व समझने का अवसर मिला, उन्होंने विद्यार्थियों की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन सभी स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, सेवा और सद्भावना को जीवन का अंग बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

18/10/25
NSS PO
Unit-I

18/10/25
NSS PO
Unit-II

Principal

t to Old Age Home at Julana (Amar Jyoti)



18/10/25

सबसे लोकप्रिय समाचार पत्र
णा न्यूज फ्लैश
Digital Edition
समाचार व विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
मो. 98122-13000
दिनांक 21 अक्तूबर 2025

Old Age Home, Amar Jyoti, Julana.

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में स्वच्छता अभियान एवं वृद्धाश्रम भ्रमण का सफल आयोजन

हरियाणा न्यूज फ्लैश

जुलाना/सूरज रोहिल्ला। शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. निशु गुप्ता और डॉ. एस.के. चमार के नेतृत्व में दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को स्वच्छता अभियान एवं वृद्धाश्रम भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कॉलेज परिसर में सफाई अभियान से हुआ। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और निष्ठा से कॉलेज की कक्षाओं, गलियारों, प्रांगण एवं उद्यान की सफाई की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान के पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने दोनों कार्यक्रम अधिकारियों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों श्रीमती मीना राणा (सहायक प्रोफेसर, गणित) एवं श्री मुकेश देसवाल (सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान) के साथ जुलाना स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। वहाँ स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों से आत्मीय बातचीत की, उनके जीवन के अनुभवों को सुना और उनके साथ समय बिताया। वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने बुजुर्गों को मिठाई भेंट कीं। विद्यार्थियों की इस सेवा भावना एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार से वृद्धाश्रम का वातावरण आनंदमय हो उठा। प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं और उनमें सेवा, करुणा एवं मानवीय संवेदना के मूल्य विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और सेवा दोनों ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता ने स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी शिक्षा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.के. चमार ने कहा कि वृद्धाश्रम भ्रमण से विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों और बुजुर्गों के अनुभवों का महत्त्व समझने का अवसर मिला, उन्होंने विद्यार्थियों की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन सभी स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, सेवा और सद्भावना को जीवन का अंग बनाने के संकल्प के साथ किया गया।



NSS PO Unit-I

NSS PO Unit-II

Press Note/ Report of National Unity Day

स्थान: शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना

दिनांक: 31 अक्तूबर 2025

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "राष्ट्रीय एकता दिवस" एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने की। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को "लौह पुरुष" के रूप में जाना जाता है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अद्वितीय योगदान दिया। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई की प्रभारी डॉ. निशु गुप्ता ने बताया कि सरदार पटेल के आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. महिपाल, सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) ने अपने प्रभावशाली संबोधन में सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. महिपाल ने कहा कि एकता और अनुशासन ही भारत की शक्ति है, और युवाओं को इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

31/10/25
NSS PO

Principal
Principal
SMSL Govt College
Julana
S.M.S.L. Govt. College, Julana


GPS Map Camera
Julana, Haryana, India
4cp4+gwp, Shadipur, Julana, Haryana 126101, India
Lat 29.136413° Long 76.407047°
Friday, 31/10/2025 01:10 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Julana, Haryana, India
4cp4+gwp, Shadipur, Julana, Haryana 126101, India
Lat 29.136446° Long 76.407073°
Friday, 31/10/2025 01:14 PM GMT +05:30
Google

NSS PO
Unit - I

Shaheed Major Sanjeev Lather Government College Julana(Jin
(Affiliated to C.R.S.University, Jind)
Address: Karsola Road, Julana-126101 Ph. 01683275800
Website: gcjulana.ac.in Email id: gcjulana2009@gmail.com
Email id: smslgcjulana@gmail.com

Report

दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) व यूथ रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें न केवल महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि स्थानीय निवासियों ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी दिखाई। इस शिविर का आयोजन सर्व जन एजुकेशनल व वोकेशनल संस्था के सहयोग से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और आपातकालीन स्थितियों में रक्त की आवश्यकता को पूरा करने में सहयोग करना था। कार्यक्रम के दौरान कुल 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो भविष्य में जरूरतमंदों की जान बचाने में उपयोगी सिद्ध होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है, और यह एक ऐसा प्रयास है जो समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में मदद करता है।" उन्होंने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि उनका यह योगदान न केवल चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भावना को भी प्रदर्शित करता है। शिविर में विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया और बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान करके समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। महाविद्यालय के संकाय सदस्यों और स्वयंसेवकों ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को रक्तदान के बाद पौष्टिक आहार और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए, ताकि उनके योगदान को सराहा जा सके।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नरेंद्र कटारिया ने कहा कि "रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। युवाओं को चाहिए कि वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि देश में किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी के कारण जीवन से हाथ न धोना पड़े।" उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज के प्रति एक उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं जिला प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि "रक्तदान एक ऐसा संकल्प है जो हमें एकजुट करता है और मानवता के प्रति हमारी सच्ची निष्ठा को दर्शाता है। आज का यह आयोजन युवाओं की जागरूकता और सेवा भावना का प्रमाण है। आने वाले समय में ऐसे शिविरों को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान के महत्व को समझें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सागर, अशोक, राशि, प्रिया, शिखा, अनुज व पंकज ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के समापन पर रक्तदान शिविर के आयोजक यूथ रेड क्रॉस की इंचार्ज सविता रानी, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता व डॉ. एस.के. चमार ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया और इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी करने की बात कही ताकि समाज को जागरूक और स्वस्थ बनाने में महाविद्यालय की भूमिका को और मजबूत किया जा सके।

15/10/25
NSS PO
Unit - I

15/10/25
NSS PO
Unit II

Principal

Donation Camp held on 15th October 2025







NSS PO
Unit I

15/10/25
NSSPO
Unit-II

Principal

NOTICE

NSS DAY

राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस और 56वीं वर्षगांठ है
(24 सितंबर 2025)

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना (जींद) की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको को सूचित किया जाता है कि **24 सितंबर 2025** को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक महाविद्यालय में **सुबह 11 बजे Room No-17** में इकट्ठे होंगे और दोनो इकाईयो के सभी स्वयंसेवक समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

20/09/25
NSS PO
Unit-I

20/09/25
NSS PO
Unit-II

20/09/25
Principal

NSS DAY

CELEBRATED BY

BOTH UNITS OF NATIONAL SERVICE SCHEME

OF SMSL GOVT COLLEGE, JULANA (JIND)

(राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) स्थापना दिवस का आयोजन)

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना (जींद) में दिनांक **24 सितंबर 2025** को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत एवं क्लैप के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य "मैं नहीं, तुम" प्रत्येक छात्र-छात्रा को निःस्वार्थ भाव से सेवा और राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेष प्रेरक व्याख्यान डॉ. (श्रीमती) मीना, सहायक प्राध्यापक गणित द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सेवा, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि एनएसएस का समग्र उद्देश्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करना है। वे जिस समुदाय में काम करते हैं उसे समझना। अपने समुदाय के संबंध में खुद को समझना। समुदाय की जरूरतों और समस्याओं की पहचान करना और उन्हें समस्या समाधान प्रक्रिया में शामिल करना। आपस में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना। व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजने में अपने ज्ञान का उपयोग करना। समूह में रहने और जिम्मेदारियों को साझा करने के लिए आवश्यक क्षमता विकसित करना। सामुदायिक भागीदारी को संगठित करने में कौशल हासिल करना। नेतृत्व के गुण और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण हासिल करना। आपात स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने की क्षमता विकसित करना। राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करना। इस अवसर पर डॉ. महिपाल के संयोजन में "नशा मुक्ति अभियान" विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए ठोस सुझाव प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने इस अवसर पर नशा मुक्ति पर चर्चा करके नशा मुक्त करने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत कियाअंत में NSS कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. निशु गुप्ता एवं डॉ. एस.के. चमार ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकगण एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यार्थियों से यह आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ और समय-समय पर होने वाली सामाजिक व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम और राष्ट्रीय व विश्वविद्यालय स्तर आयोजित एकीकृत शिवर में भी भाग लेना चाहिए उसमें भाग लेने से स्वयंसेवकों का समग्र विकास होता है। इस अवसर उप प्राचार्य श्री विजेंद्र कुमार और मुकेश देशवाल आदि उपस्थित रहे।

24/09/25

NSS PO
Unit-I

NSS PO
Unit-II

Principal


Shaheed Major Sanjeev Lather
Government College Julana (Jind)
Say NO to DRUGS
YES to LIFE
National Service Scheme


Say NO to DRUGS
National Service Scheme
GPS Map Camera
Julana, Haryana, India
1234, Shadipur, Julana, Haryana 126101, India
Lat 29.13639° Long 76.40701°
24/09/2025 11:54 AM GMT +05:30
Google




National Service Scheme

NOTICE

One Day NSS Camp

Organized by NSS Units of
S.M.S.L. Govt. College, Julana (Jind)
On Dated: 20 September 2025

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना के सभी एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि हमारे महाविद्यालय में दिनांक 20 सितम्बर 2025 को **एक दिवसीय विशेष शिविर (One Day NSS Camp)** आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प की थीम है:**"Youth Services for Social Responsibilities through Cleanliness"** स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी न केवल कैम्प की सफलता में योगदान देगी बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सहायक होगी। यह कैम्प आप सभी के लिए सीखने, अनुभव प्राप्त करने और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का अवसर है।

अतः सभी स्वयंसेवक समय पर उपस्थित होकर कैम्प को सफल बनाने में सहयोग करें।

स्थान: **महाविद्यालय प्रांगण**
तिथि: **20 सितम्बर 2025**
समय: **प्रातः 9:00 बजे से**

18/09/25

NSS PO
Unit-I

18/09/25

NSS PO
Unit-II

Principal

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana

REPORT

ONE DAY NSS CAMP

ORGANIZED BY

BOTH UNITS OF NATIONAL SERVICE SCHEME

(SMSL GOVT COLLEGE, JULANA (JIND)

(स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन)

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में दिनांक 20 सितम्बर 2025 को स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। शिविर की थीम रही "Youth Services for Social Responsibilities through Cleanliness"। शिविर का शुभारम्भ एन एस एस क्लैप और गीत के साथ हुआ, जिसने वातावरण को उत्साह और अनुशासन से भर दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने कक्षा-कक्ष, गलियारे, बगीचे और मुख्य द्वार क्षेत्र की स्वच्छता सुनिश्चित कर स्वच्छ और सुंदर परिसर का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. महिपाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सेवा और समर्पण की भावना अपनानी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफाई केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी दिनचर्या और आदत का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाकर दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाएं। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के सह-कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.के. चमार ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य सुधरता है बल्कि सामाजिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से स्वच्छता पखवाड़ा को एक आंदोलन की तरह अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा लिए गए संकल्प के साथ हुआ कि वे व्यक्तिगत जीवन से लेकर सामाजिक जीवन तक स्वच्छता को अपना आदर्श बनाएंगे और समाज में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने अपना फीडबैक दिया। उन्होंने इस शिविर को अत्यंत प्रेरणादायी और उपयोगी बताया। स्वयंसेवकों ने कहा कि ऐसे आयोजन से उनमें न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना बढ़ती है बल्कि सेवा भाव भी प्रबल होता है।

20/09/25

NSS PO
Unit-I

20/09/25

NSS PO
Unit-II

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt College, Julana

Principal

स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

दिवंगत सूबेदार इन्द्राज अत्रि तथा शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में दिनांक 20 सितम्बर 2025 को स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। शिविर की थीम रही – Youth Services for Social Responsibilities through Cleanliness शिविर का शुभारम्भ एन.एस.एस. कैडेट और गीत के साथ हुआ, जिसने वातावरण को उत्साह और अनुशासन से भर दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने कक्षा-कक्ष, गलियारे, बगीचे और मुख्य द्वार क्षेत्र को स्वच्छता सुनिश्चित कर स्वच्छ और सुंदर परिसर का संदेश दिया।



इस अवसर पर डॉ. मोहपाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि युवाओं का समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सेवा और समर्पण की भावना अपनानी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशु गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफाई केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी दिनचर्या और आदत का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों में ध्यान किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाकर दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाएं।

वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के सह-कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.के. यादव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य सुधरता है बल्कि सामाजिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। इकाई स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पखवाड़ा को एक आंदोलन की तरह आगे ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किए गए श्रमदान के साथ हुआ कि ये व्यक्तिगत जीवन से लेकर सामाजिक जीवन तक स्वच्छता को अपना आदर्श बनाएंगे और समाज में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने अपना फीडबैक लिया। इसमें इस शिविर को अत्यंत प्रेरणादायी और उत्साहवर्धक बताया। स्वयंसेवकों ने कहा कि ऐसे आयोजन से उन्हें न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व की समझ बढ़ती है बल्कि सेवा भाव भी प्रबल होता है। शिविर में कुल 3rd year, गीता 3rd year द्वितीय 3rd year अनीक 2nd year, year, अनुज 3rd year जीवन, 1st year अनु, 1st year, इस वर्ष ने लगभग 120 स्वंसो ने इस अभियान में भाग लिया।






NSS PO Unit-I

NSS PO Unit-II

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana







NSS PO Unit-I

NSS PO Unit-II

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana

NOTICE

One Day NSS Camp

Organized by NSS Units of
SMSL Govt. College, Julana (Jind)
On Dated: 09 February 2026

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना के सभी एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में दिनांक **09 February 2026 को एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर (One Day NSS Camp)** आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प का थीम **"Say Yes to Health, Say No to Addiction: Awareness"** रहेगा। सभी एन.एस.एस. स्वयंसेवक समय पर इस कैंप में आना अति अनिवार्य समझे।

स्थान: राजकीय महाविद्यालय, जुलाना
तिथि: **09 February 2026**
समय: **प्रातः 9:00 बजे से**

07/02/26
NSS PO
Unit-I

07/02/26
NSS PO
Unit-II

Principal

Report of One Days NSS Special Camp

Organized by NSS Units of
SMSL Govt. College, Julana (Jind)
Dated: 09 February 2026

एक दिवसीय NSS शिविर में योग, नशा मुक्ति एवं सूर्य नमस्कार अभ्यास का आयोजन जुलाना। शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में एक दिवसीय NSS शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर की थीम **"Say Yes to Health, Say No to Addiction: Awareness"** रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने की।

शिविर के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में आयुष विभाग के डॉ. बलराज ने योग एवं नशा मुक्ति विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की मानसिक शक्ति भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इसके पश्चात डॉ. बलराज द्वारा स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया, जिसमें श्रीमती मनीषा एवं श्रीमती शर्मिला भी उपस्थित रहीं। स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों, उचित श्वसन प्रक्रिया एवं इसके स्वास्थ्य लाभों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने कहा कि, "NSS युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। योग एवं नशा मुक्ति जैसे विषय वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता हैं।" NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता एवं डॉ. एस. के. चमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, "NSS का उद्देश्य केवल गतिविधियों का आयोजन करना नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। ऐसे शिविरों से आत्मअनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है।" शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने, योग को दैनिक जीवन में शामिल करने तथा अनुशासन एवं सामूहिक कार्य भावना के महत्व को समझा। इसी क्रम में आगामी कार्यक्रमों की तैयारी हेतु मार्च पास्ट की रिहर्सल भी करवाई गई, जिससे स्वयंसेवकों में एकता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। इसके उपरांत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में NSS स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।


NSS PO
Unit-I

NSS PO
Unit-II

Principal
Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana









Ghte

Thomas

NSSPO
Unit-II

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt College, Julana







NSS PO
Unit-I

NSS PO
Unit-II

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana

REPORT

One Day NSS Camp

Organized by NSS Units of
SMSL Govt. College, Julana (Jind)
On Dated: 11 March 2026


शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना (जींद) की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की दोनों इकाइयों द्वारा 11 मार्च 2026 को महाविद्यालय परिसर में "डिजिटल इंडिया - विकसित भारत" विषय पर एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. अभिषेक शर्मा, सहायक प्रोफेसर (रसायन विज्ञान) द्वारा स्वयंसेवकों को डिजिटल इंडिया के महत्व पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीकों के उपयोग, ऑनलाइन सेवाओं तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त नगर पालिका की टीम द्वारा स्वच्छता के महत्व पर व्याख्यान दिया गया और विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें परिसर की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता ने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय की आवश्यकता है और युवा शक्ति इसके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस. के. चमार ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

NSS PO
Unit-I

NSS PO
Unit-II


Principal
Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana











NSS PO
Unit-I

11/3/26
NSS Unit-II
PO

Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana

SHAHEED MAJOR SANJEEV LATHAR GOVERNMENT COLLEGE JULANA (JIND)

(Affiliated to C.R.S.University, Jind)

Address: Karsola Road, Julana-126101Ph. 01683275800

Website: gcjulana.ac.in Email id: gcjulana2009@gmail.com

Report

Seven Days NSS Special Camp

Organized by NSS Units of

SMSL Govt. College, Julana (Jind)

Dated: 13 to 19 February 2026

Report of First Day 13 February 2026

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के **सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ** आज प्रातः उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य श्री विजेन्दर कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयपालन एवं समर्पण के साथ शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरांत डॉ. सतपाल कौशिक, योग प्रशिक्षक ने योग के महत्व पर प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में डॉ. महिपाल, हिंदी विभाग द्वारा "नशा मुक्ति" विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. निशु गुप्ता एवं डॉ. एस.के. चमार ने शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी सात दिनों में स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सर्वेक्षण, विभिन्न प्रतियोगिताएँ, सामाजिक स्थलों का भ्रमण तथा जन-जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में सामाजिक संवेदनशीलता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाएगा। शिविर का समापन सातवें दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित कर किया जाएगा।

Report of Second Day 14 February 2026

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के **सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस** प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के नेतृत्व में उत्साह एवं अनुशासन के साथ आयोजित किया गया। दिन की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई, जिसमें डॉ. सतपाल कौशिक ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए नियमित योग अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ रखने का संदेश दिया।

एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. निशु गुप्ता व डॉ एस के चमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना, समाज से जोड़ना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवक समाज की वास्तविक समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करना सीखते हैं। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से एनएसएस गीत का गायन किया गया, जिससे पूरे परिसर में सेवा भावना और राष्ट्रीय एकता का वातावरण बना।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने शैक्षणिक एवं जागरूकता भ्रमण के अंतर्गत नागरिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया, जहाँ स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कार्यप्रणाली को समझा और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने फायर स्टेशन का भ्रमण किया। वहाँ अग्निशमन कर्मियों ने आग से बचाव, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी दी तथा उपकरणों का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि से विद्यार्थियों को आपदा के समय सतर्क रहने एवं समाज की सहायता करने की प्रेरणा मिली।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत स्वयंसेवकों के बीच अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिविर में आनंदमय वातावरण बना।

Report of Third Day 15 February 2026

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के **सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस** प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. निशु गुप्ता व डॉ. एस.के. चमार ने कहा कि ऐसे ज्ञानवर्धक व्याख्यान विद्यार्थियों के नैतिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिविर से प्राप्त शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

दिन की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई, जिसमें डॉ. सतपाल कौशिक ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने नियमित योग के माध्यम से शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक शांति एवं एकाग्रता बनाए रखने का संदेश दिया।

इसके पश्चात एनएसएस गीत का गायन किया गया, जिससे वातावरण में देशभक्ति एवं सेवा भावना का संचार हुआ। तत्पश्चात आयुष विभाग से पधारे वक्ता श्री बलवान सिंह ने "देश प्रेम" विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि सच्चा देश प्रेम अपने कर्तव्यों के ईमानदार निर्वहन में निहित है।

इसके उपरांत श्री भगत सिंह (पीजीटी संस्कृत) ने "मीडिया के दुष्प्रभाव" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया। शिविर के दौरान "प्रदूषण मुक्त विकसित भारत" विषय पर ऑन द स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं सतत विकास से जुड़े प्रेरणादायक संदेशों को पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई

Report of Third Day 16 February 2026

राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. निशु गुप्ता व डॉ. एस.के. चमार के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षक डॉ. सतपाल कौशिक ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

श्रीमती मीना, सहायक प्राध्यापक (गणित) ने एनएसएस जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

डॉ. महिपाल ने "माय भारत पोर्टल" विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया, इसके उद्देश्यों एवं युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। श्री नरेंद्र कटारिया ने सामाजिक जागरूकता विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

ट्रैफिक विभाग से पधारे श्री अमर कटारिया (एसएचओ) ने प्रस्तुति के माध्यम से नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन तथा बालिकाओं की सुरक्षा विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

अंत में स्वास्थ्य विभाग की टीम के अंतर्गत डॉ. रविंदर, डॉ. सुमन एवं डॉ. सीमा ने स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस एवं रोजगार के अवसरों विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया।

Report of Third Day 17 February 2026

राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पाँचवें दिवस पर योग, विद्यालय भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का पाँचवाँ दिवस प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता एवं डॉ. एस.के. चमार के निर्देशन में किया गया।

दिन की शुरुआत योग प्रशिक्षक श्री सतपाल कौशिक द्वारा कराए गए योग अभ्यास से हुई। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्राणायाम एवं योगासनों का अभ्यास करवाते हुए नियमित योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताया।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लजवाना तथा शहीद रामचंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लजवाना का भ्रमण किया। वहाँ विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संदेश नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभावशाली प्रस्तुति

द्वारा नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे दूर रहने के संकल्प का संदेश दिया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में Skyline Institute of Geoinformatics से पधारे श्री अजय एवं अन्नु ने जीआईएस (Geographical Information System) विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक तकनीक में जीआईएस के महत्व, इसके उपयोग तथा रोजगार की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पाँचवें दिवस की सभी गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं और स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति अपने संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया।के पाँचवें दिवस पर योग, विद्यालय भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का पाँचवाँ दिवस प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता एवं डॉ. एस.के. चमार के निर्देशन में किया गया।

दिन की शुरुआत योग प्रशिक्षक श्री सतपाल कौशिक द्वारा कराए गए योग अभ्यास से हुई। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्राणायाम एवं योगासनों का अभ्यास करवाते हुए नियमित योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताया।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लजवाना तथा शहीद रामचंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लजवाना का भ्रमण किया। वहाँ विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संदेश नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभावशाली प्रस्तुति द्वारा नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे दूर रहने के संकल्प का संदेश दिया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में Skyline Institute of Geoinformatics से पधारे श्री अजय एवं अन्नु ने जीआईएस (Geographical Information System) विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक तकनीक में जीआईएस के महत्व, इसके उपयोग तथा रोजगार की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पाँचवें दिवस की सभी गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं और स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति अपने संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया। के पाँचवें दिवस पर योग, विद्यालय भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

Report of Third Day 18 February 2026

एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिवस पर योग, विद्यालय भ्रमण एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिवस प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता एवं डॉ. एस.के. चमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। दिन की शुरुआत प्रातः योगाभ्यास से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य एवं अनुशासन का संदेश ग्रहण किया।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मालवी का भ्रमण किया। वहाँ विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए इससे दूर रहने का संदेश दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

शिविर में श्री मुकेश देशवाल ने "भारतीय लोकतंत्र एवं सुशासन" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं, संविधान के मूल सिद्धांतों तथा नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। छठे दिवस की सभी गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं और स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति अपने संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया।

Report of Third Day 19 February 2026

राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन समारोह संपन्न शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

समापन दिवस की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। इसके पश्चात समापन समारोह का औपचारिक शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशु गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय शिविर ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ किया है। उन्होंने NSS के मूल मंत्र **"Not Me,**

But You" को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। स्वयंसेवकों द्वारा NSS गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और NSS जैसे मंच विद्यार्थियों को सामाजिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी और अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सतपाल कौशिक रहे उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे। स्वयंसेवकों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

पुरस्कार वितरण समारोह में "सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक" पुरस्कार काजल एवं सागर को प्रदान किया गया, जबकि "सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी" का सम्मान नैंसी एवं हरदीप को दिया गया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस के चमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि, प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारियों, सहयोगी स्टाफ एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया और शिविर की सफलता में सभी के योगदान की सराहना की।


समापन समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

NSS PO
Unit-I

NSS PO
Unit-II

Principal
Principal
Shaheed Major Sanjeev Lather
Govt. College, Julana

IST DAY 13 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)
INAUGRATION OF THE CAMP



शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का शुभारंभ

हरियाणा न्यूज फ्लैश

जुलाना/सूरज रोहिल्ला। राजकीय महाविद्यालय जुलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 13 फरवरी को प्रातः उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम



के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य श्री विजेन्दर कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयपालन एवं समर्पण के साथ शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत डॉ. सतपाल कौशिक, योग प्रशिक्षक ने योग के महत्व पर प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में डॉ. महिपाल, हिंदी विभाग द्वारा 'नशा मुक्ति' विषय पर व्याख्यान दिया गया।

Morning Yoga Session





2ND DAY 14 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)

Morning Yoga Session





A Special Visit to Fire Station Julana



A Special Visit to Civil Hospital Julana during the camp



A Special Visit to Civil Hospital Julana during the camp





3RD DAY 15 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)


Morning Yoga Session



Sh. Satpal Kaushik, Yoga Trainer in Morning Yoga Session



Lecture on Bharat Sanskriti and Technologyby Bhagat Singh, Lecture of Sanskrit



Lecture on Nasha Mukt Bharat by Sh. Balraj, Yoga Trainer



Preparation of Nukkad Natak by Volunteers during camp





4TH DAY 16 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)

Morning Yoga Session

Sh. Satpal Kaushik, Yoga Trainer in Morning Yoga Session




Lecture on Nasha Mukt Bharat during Camp




Welcome to Sh. Amar Kataria, SHO and Sh. Narender Kataria and delivered a lecture on Nasha Mukt Haryana






Participated in Poster Making activity during he camp



Taking the enjoy in with Singing, Debate activities during the camp



5TH DAY 17 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)

Presenting a Nukkad Natak on Nasha Mukt Bharat in

Govt. Girls Senior Secondary School, Lajwana Kalan (JulanaPresenting a





Nukkad Natak on Nasha Mukt Bharat in
Govt. Senior Secondary School, Lajwana Kalan (Julana)





6TH DAY 18 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)


(Morning Yoga Session)





Seen

Nukkad Natak on Nasha Mukt Bharat in
Govt. Senior Secondary School, Malvi (Julana)






Seen

7TH DAY 19 FEBRUARY 2026 (NSS 7DAYS SPECIAL CAMP)

(Closing Ceremony)







NSS PO
Unit-I

NSS PO
Unit-II

Principal